त्रैमासिक परीक्षा 2018-2019
हिन्दी भाषा

कक्षा : VIII
समय : 2 घंटे 15 मिनट **पूर्णांक : 80**

---

1. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें :– [15]

(क) माता-पिता द्वारा प्रोत्साहित किए जाने पर आपने न चाहते हुए भी किसी कार्य को सम्पन्न किया जिसमें आपको आशातीत सफलता मिली। वह कार्य क्या था और आपने क्या अनुभव किया ?

(ख) 'आलस्य सबसे बड़ा शत्रु' – इस कथन को विभिन्न उदाहरणों द्वारा स्पष्ट कीजिए।

(ग) चैन छीनता मोबाइल

(घ) आधुनिक होते समाज में आज भी अंधविश्वास व्याप्त है। पक्ष या विपक्ष में लिखें।

(ङ) 'सत्य की कभी हार नहीं होती' इस कथन पर आधारित एक मौलिक कहानी लिखें।

2. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखें : [10]

(क) विद्यालय के वार्षिकोत्सव में पुरस्कार – प्राप्ति की प्रसन्नता का वर्णन करते हुए अपने पिता जी को एक पत्र लिखें।

(ख) निकट के प्रार्थना-पूजाघरों में लाउडस्पीकरों के मनमाने प्रयोग से होने वाली परेशानियों का उल्लेख करते हुए थानाध्यक्ष को पत्र लिखें।

{Turn Over}

Downloaded From www.icseboard.org

3. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों का अपने शब्दों में उत्तर दें :- **[20]**

हरे भरे पहाड़ पर बकरियाँ चरने जाती तो दूसरे-तीसरे रोज एक न एक बकरी कम हो जाती। भेड़िये की चालाकी से तंग आकर चरवाहे ने वहाँ बकरियाँ चराना बंद कर दिया और बकरियों ने भी मौत से बचने के लिए बाड़े में कैद रहकर जुगाली करते रहना उचित समझा। एक युवा बकरी को यह बंधन पसंद नहीं आया। अत्याचारी से यों कब तक प्राणों की रक्षा की जा सकेगी। वह हसरत भरी निगाहों से पर्वत की ओर देखती रहती। साथियों ने उसे आँखों-आँखों में समझाने का प्रयत्न किया कि वह ऐसे मूर्खतापूर्ण विचार मन में न लाए। भेड़िए के मुँह हमारा खून लग चुका है, वह अपनी आदत से बाज नहीं आएगा।

युवा बकरी भेड़िए के मुँह का खून देखना चाहती थी। एक दिन मौका पाकर वह बाड़े से निकल भागी और पर्वत पर चढ़कर स्वच्छंद कूदती-फाँदती रही। उसे भेड़िए को देखने की उत्सुकता भी बनी रही। संध्या होने पर वह नीचे उतरने को बाध्य हुई तो रास्ते में दबे पाँव भेड़िया आता दिखाई दिया। उसकी लाल आँखें, लपलपाती जीभ और आक्रमणकारी चाल से वह समझ गई कि भेड़िए का इरादा क्या है। भेड़िया मुस्कराकर बोला - "तुम बहुत सुन्दर और प्यारी मालूम होती हो, मुझे तुम्हारे जैसी साथिन की आवश्यकता है, आओ तनिक साथ-साथ पर्वतराज की सैर करें।" बकरी ने उसकी बकवास अनसुनी कर उसे इतने जोर से टक्कर मारी कि असावधान भेड़िया संभल न सका। भेड़िए की जिन्दगी का यह पहला अवसर था। टक्कर खाकर वह अभी सँभल भी न पाया

Downloaded From www.icseboard.org

था कि बकरी के पैने सींग उसके सीने में इतनी जोर से लगे कि वह चीख उठा। क्षतविक्षत सीने से लहू की बहती धार देख भेड़िये के पाँव उखड़ गये। मगर एक कमजोर बकरी के आगे भाग खड़ा होना उसे कुछ जँचा नहीं। वह भी साहस बटोरकर पूरे वेग से झपटा। बकरी तो पहले से ही सावधान थी, वह कतराकर एक ओर हट गई और भेड़िये का सिर पेड़ से टकराकर लहूलुहान हो गया। लहू को देखकर उसे गुस्सा आया और वह जी-जान से बकरी के ऊपर टूट पड़ा। अकेली बकरी उसका कब तक मुकाबला करती ? उसकी लालसा और अरमान पूरे हो चुके थे। साथियों की अकर्मण्यता पर तरस खाती हुई बेचारी ढेर हो गई।

बकरी मर जरूर गई परन्तु भेड़िए को घायल करके मरी। वह भी दूसरों पर अत्याचार करने के लिए जीवित नहीं रह पायेगा। उसके धाव उसे मरने के लिए बाध्य करेंगे। अत्याचारी का सामना करने पर ही पीड़ितों को राहत मिल सकती है।

(i) चरवाहे ने बकरियों को बाड़े में क्यों बंद कर दिया था ? [3]

(ii) युवा बकरी के मन में क्या विचार उत्पन्न हुए ? वह अकेली वन में चरने क्यों गई ? [3]

(iii) भेड़िया उसे कहाँ मिला और उसने बकरी से क्या कहा ? [3]

(iv) बकरी ने भेड़िए पर पहले आक्रमण क्यों किया ? बकरी के आक्रमण से भेड़िए की क्या दशा हुई ? [3]

(v) 'अत्याचारी का जी-जान से सामना करना चाहिए।' उदाहरण सहित अपने विचार लिखिए। [3]

(vi) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए :- [5]

वेग, लहू, स्वच्छंद, बाध्य, राहत

[Turn Over]

Downloaded From www.icseboard.org

प्र.4. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें। (शब्द उतारें) **[5]**

अहंकार, आनन्द, आख्यान, आज्ञा, अधम

प्र.5. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें। (शब्द उतारें) **[5]**

आविर्भाव, उत्कृष्ट, आसक्त, उदात्त, आचार

प्र.6. निम्नलिखित शब्दों को भाववाचक संज्ञा में बदलें :- **[5]**

चिकित्सक, स्वामी, बाल, पंडित, सर्व

प्र.7. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक-एक शब्द लिखें :- **[5]**

(क) जो दिखाई न दे -

(ख) जिसका कोई शत्रु न हो -

(ग) जो इंद्रियों के अनुभव के बाहर हो -

(घ) जो बिना वेतन के काम करते हो -

(ङ) जिसका वर्णन न किया जा सके -

प्र.8. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ :- **[9]**

आँखों से गिरना, आटे दाल का भाव मालूम होना, आसमान सिर पर उठाना

प्र.9. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तित करें :- **[6]**

(क) यहाँ पढ़ने को पुस्तकें नहीं मिलती ।
(कारक के चिह्न पहचान कर भेद लिखें)

(ख) एक नगर में एक बुढ़िया अपने पुत्र के साथ रहती थी।
(लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखें)

Downloaded From www.icseboard.org

(ग) मैंने मछली पकड़ ली है।
(वचन बदलकर वाक्य पुनः लिखें।)

(घ) वहाँ अनेकों लोग उपस्थित थे।
(वाक्य शुद्ध कर पुनः लिखें ।)

(ङ) छात्राओं ने एक निबन्ध लिखा ।
(वाक्य को वर्त्तमान काल में बदलकर पुनः लिखें।)

(च) सच बोलनेवाले को कोई डरा नहीं सकता ।
(मिश्रित वाक्य में बदलें।)

Downloaded From www.icseboard.org